

**Kumar Ramesh**
Managing Director

# 7 December 2022

# Career Pathway

No. 1 COMPETITIVE EXAM PREP INSTITUTE

Follow us on

Daily Current Affairs Booster

# Daily Current Affairs

IAS | HAS | NT

BANK | SSC | ALL COMPETITIVE EXAMS

Helpline & 98052-91450

## 7 दिसंबर का इतिहास

- **1825 :** भाप से चलने वाला पहला जहाज इंटरप्राइज कोलकाता में पहुंचा।
- **1995 :** भारत ने संचार उपग्रह इनसेट-2 सी का प्रक्षेपण किया।
- **1949 :** भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया।
- **1856 :** देश में पहली बार आधिकारिक रूप से हिंदु विधवा का विवाह कराया गया।
- **1917 :** अमेरिका प्रथम विश्व युद्ध का हिस्सा बना और उसने ऑस्ट्रिया हंगरी पर हमला किया।

## 7 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- 42 सदस्यीय स्वैच्छिक निर्यात नियंत्रण व्यवस्था में शामिल होने के सिर्फ पांच साल बाद भारत 1 जनवरी 2023 को वासेनार व्यवस्था की अध्यक्षता ग्रहण करेगा, जो पारंपरिक हथियारों और दोहरे उपयोग वाले सामानों के हस्तांतरण की निगरानी करता है।
- गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 के लिए चुनाव आयोग ने सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पहल की हैं। यहां पहले चरण की वोटिंग में गिर के घने जंगलों में सिर्फ एक वोटर महंत हरिदासजी उदासिन के लिए भी एक मतदान केंद्र स्थापित किया हैं। गुजरात चुनाव में पहले चरण के लिए चुनाव आयोग ने कुल 25,343 पोलिंग स्टेशन बनाए हैं, जिससे मतदाताओं को कोई परेशानी ना हो। इसमें से 9018 शहरी पोलिंग स्टेशन और 16416 ग्रामीण पोलिंग स्टेशन हैं।
- मेघालय के मुख्यमंत्री सी के संगमा ने कहा कि राज्य सरकार ने समुदायों की सामूहिक भागीदारी के जरिए मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल के मुद्दे से निपटने के मकसद से बनाई एक नई नीति को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि मेघालय देश का तीसरा राज्य हैं, जिसने खासतौर से बच्चों, किशोरों और युवाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे पर ध्यान देते हुए ऐसी नीति बनाई है।
- वन संरक्षण के लिए लोकप्रिय अभियान चिपको आंदोलन पर आधारित एक किताब को कमलादेवी चेट्टोपाध्याय एनआईएफ बुक प्राइज 2022 का विजेता चुना गया। यह किताब इतिहासकार वन संरक्षण कार्यकर्ता शेखर पाठक ने लिखी है। मनीषा चौधरी द्वारा हिंदी भाषा में लिखी किताब की अनुवादित कृति द चिपको मूवमेंटः अ पीपुल्स हिस्ट्री को इस पुरस्कार के लिए चयनित आधुनिक भारतीय इतिहास और विविध विषयों पर आधारित पांच किताबों में से चुना गया है।
- विजय हजारे ट्रॉफी 2022 के फाइनल मुकाबले में सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को 5 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ सौराष्ट्र दूसरी बार विजय हजारे ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 248 रनों का स्कोर खड़ा किया था।
- ड्रोन और ड्रोन उपकरणों के लिए सरकार द्वारा उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना का उद्देश्य देश में ड्रोन और ड्रोन उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देना है और इस प्रक्रिया में स्वदेशी उद्योगों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। योजना के तहत भारत ड्रोन और ड्रोन उपकरणों के निर्माण में शामिल कंपनियों को सहायता प्रदान करेगा। योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार पीएलआई योजना का लाभ उठाने के लिए एमएसएमई और स्टार्टअप क्षेत्र में कंपनी का वार्षिक कारोबार ड्रोन के लिए 2 करोड़ रूपये और उपकरणों के लिए 50 लाख रूपये होना चाहिए।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला, एक उत्पाद की तर्ज पर एक जिला, एक खेल योजना लॉन्च की है। एक जिला, एक खेल योजना के तहत यूपी के 75 जिलों में से प्रत्येक में एक खेल की पहचान की जाएगी। योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को पोषण करना और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है। यह राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देगा और राज्य में युवा पीढ़ी को स्वस्थ रखेगा। राज्य का खेल विभाग कम उम्र में लोकप्रिय खेलों से संबंधित प्रतिभाओं की पहचान करेगा और उन्हें उचित प्रशिक्षण प्रदान करेगा।
- विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष भारत को प्रेषण में 100 बिलियन डॉलर प्राप्त होने की संभावना है। यह पहली बार हैं जब कोई एक अकेला देश इस आंकड़े तक पहुंचेगा। उच्च आय वाले देशों से भारत में नकद हस्तांतरण 2016-17 में 26% से बढ़कर 2020-21 में 36% से अधिक हो गया। विश्व बैंक ने कहा कि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सहित पांच खाड़ी देशों की हिस्सेदारी 54% से घटकर 28% हो गई है। विश्व बैंक के अनुसार इस वर्ष बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका के प्रवासियों द्वारा अर्जित धन में कमी आने की उम्मीद है।
- केंद्र सरकार ने देश के सभी राज्यों को तीन महीने के भीतर राजस्व और वन अभिलेखों में बंदोबस्त अधिकार दर्ज करने का निर्देश दिया है। पत्र में कहा गया है कि राजस्व और वन विभागों को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत समुदायों को दी गई वन भूमि का अंतिम नक्शा तैयार करना चाहिए।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. सशस्त्र सेना झंडा दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 6 दिसंबर (B) 7 दिसंबर
(C) 8 दिसंबर (D) 9 दिसंबर

**(B)** भारतीय सशस्त्र सेना झंडा दिवस थलसेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों के कल्याण हेतु मनाया जाता है। यह दिवस साल 1949 से मनाया जा रहा है। भारत को आजादी मिलने के बाद 28 अगस्त 1949 को भारत सरकार द्वारा भारतीय सेना के जवानों के कल्याण के लिए एक समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने 7 दिसंबर को प्रतिवर्ष झंडा दिवस मनाने के लिए चुना गया।




**2. नेत्रहीनों के लिए तीसरा टी-20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट कब से कब तक आयोजित किया जा रहा है ?**

(A) 5 से 17 दिसंबर (B) 6 से 16 दिसंबर
(C) 7 से 18 दिसंबर (D) 8 से 20 दिसंबर

**(A)** नेत्रहीनों के लिए तीसरा टी-20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट 5 से 17 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। विश्व कप 2022 के भाग लेने वाले देश ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और मेजबान देश भारत है। सभी देशों के लगभग 150 खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग लेंगे, जो भारत के नौ शहरों में आयोजित किए जाएंगे।




**3. हाल ही में दिल्ली में कर्तव्य पथ में दिव्य कला मेले का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है ?**

(A) 1 से 5 दिसंबर तक (B) 2 से 6 दिसंबर तक
(C) 2 से 7 दिसंबर तक (D) 3 से 8 दिसंबर तक

**(C)** दिव्य कला मेला 2 से 7 दिसंबर 2022 तक आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश भर के दिव्यांग कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और शिल्प कौशल के लिए एक मंच प्रदान करना है। कर्तव्य पथ पर पहली बार दिव्य कला मेला शुरू हुआ है। मेले में 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 200 से अधिक दिव्यांग अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करेंगे।




**4. वित मंत्रालय ने नगरनार में एनएमडीसी के स्टील प्लांट में सरकार कितने प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी ?**

(A) 25.60% (B) 50.79%
(C) 68.79% (D) 97.99%

**(B)** वित्त मंत्रालय ने नगरनार में एनएमडीसी के इस्पात संयंत्र के लिए प्रारंभिक बोलियां आमंत्रित की हैं। वित मंत्रालय ने कंपनी में 50.79% हिस्सेदारी बेचने की पेशकश की है। बोली प्रक्रिया के माध्यम से रणनीतिक खरीदार की पहचान के बाद सरकार एनएमडीसी को परिणामी कंपनी में 10% हिस्सेदारी की पेशकश करेगी।



**5. हाल ही में आरबीआई ने शहरी सहकारी बैंक के लिए कितने स्तरीय नियामक मानदंडों को लागू किया ?**

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

**(D)** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में भारत में शहरी सहकारी बैंकों के लिए एक चार स्तरीय संरचना को अधिसूचित किया है। इससे पहले भारत में यूसीबी को आरबीआई द्वारा दो श्रेणियों में विभाजित किया गया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने शहरी सहकारी बैंकों के मुद्दों की जांच के लिए, पूर्व डिप्टी गवर्नर, रिजर्व बैंक, श्री एन एस विश्नाथन की अध्यक्षता में 15 फरवरी, 2021 को शहरी सहकारी बैंकों पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था।



**6. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने एक जिला, एक खेल योजना शुरू की है ?**

(A) हरियाणा (B) राजस्थान

(C) मध्यप्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

**(D)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक जिला, एक उत्पाद की तर्ज पर एक जिला, एक खेल योजना लॉन्च की है। एक जिला, एक खेल योजना के तहत यूपी के 75 जिलों में से प्रत्येक में एक खेल की पहचान की जाएगी। एक जिला, एक खेल योजना के तहत खिलाड़ी अपने जिले के निर्दिष्ट खेल में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।



**7. पंजाब नेशनल बैंक के नए कार्यकारी निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

(A) बी.के.मिश्रा (B) एस.एम. झा

(C) एम परमासिवम (D) एस. बालचंद्रन

**(C)** पंजाब नेशनल बैंक के नए कार्यकारी निदेशक के रूप में एम परमासिवम को नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने तीन साल की अवधि के लिए सरकारी स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक के कार्यकारी निदेशक के रूप में एम परमासिवम की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।




**8. किस देश ने दिसंबर 2022 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता ग्रहण की है ?**

(A) भारत (B) आयरलैंड

(C) मेक्सिको (D) संयुक्त अरब अमीरात

**(A)** भारत ने दिसंबर महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता ग्रहण की। 2021-22 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निर्वाचित सदस्य के रूप में अपने दो साल के कार्यकाल में यह दूसरी बार है जब भारत ने परिषद की अध्यक्षता ग्रहण की है। भारत ने इससे पहले अगस्त 2021 में यूएनएससी की अध्यक्षता संभाली थी।



**9. हाल ही में कहां पहली बार जनजातीय शीतकालीन महोत्सव आयोजित किया गया है?**

(A) जम्मू कश्मीर (B) लद्दाख

(C) आंध्रप्रदेश (D) हिमाचल प्रदेश

**(A)** हाल ही में जम्मू और कश्मीर के बांदीपोरा ने कश्मीर घाटी के पहले जनजातीय शीतकालीन महोत्सव की मेजबानी की, जो उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के अलोसा क्षेत्र के केट्सन गांव में आयोजित किया गया था। इस महोत्सव का उद्देश्य लोगों को होमस्टे, घुड़सवारी, होटल प्रबंधन आदि के बारे में शिक्षित करना है।



**10. संगाई महोत्सव किस राज्य से संबंधित है ?**

(A) नागालैंड (B) मणिपुर

(C) मिजोरम (D) मेघालय

**(B)** कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद संगाई महोत्सव किया जा रहा है। संगाई महोत्सव मणिपुर राज्य में मनाया जाता है। यह महोत्सव वर्ष 2010 में शुरू हुआ। यह वर्षो से मणिपुर के लिए अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के लिए एक बड़े मंच के रूप में विकसित हुआ है।

